राजस्थान पत्रिका
15/7/15

निदेशक ने किया संस्थान का निरीक्षण

मालपुरा @ पत्रिका. पशुधन निदेशक डॉ. ए. के. गुप्ता ने मंगलवार को केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने अनुसंधान परियोजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। संस्थान में चल रहे भेड़-बकरी एवं चरागाह से सम्बन्धित कार्यक्रमों का अवलोकन किया।

संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने विभिन्न अनुसंधानों की जानकारी दी। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर. सी. शर्मा ने बताया कि संस्थान में प्रबंधन समिति का गठन किया हुआ है, जो प्रति वर्ष संस्थान में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करती है।

दैनिक भास्कर
15/7/15

केंद्रीय संस्थान अविकानगर की उपलब्धियों की समीक्षा

मालपुरा। राजस्थान सरकार के पशुधन निदेशक व केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर की प्रबंधन समिति ने मंगलवार को संस्थान के विभिन सैक्टरों का दौरा कर संस्थान की उपलब्धियों की समीक्षा की। राज्य सरकार के पशुधन निदेशक डॉ.ए.के. गुप्ता मंगलवार को अविकानगर संस्थान पहुंचे जहां संस्थान की प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उनके साथ विभिन्न परियोजनाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संस्थान की विभिन्न परियोजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। पशुधन निदेशक ने संस्थान के विभिन्न सेक्टरों व प्रयोगशालाओं को भी देखा। उन्होंने अविकानगर में चलाए जा रहे भेड़ बकरी एवं चरागाह से संबंधित कार्यक्रमों को देख कर जोरदार सराहना की। अविकानगर संस्थान निदेशक डॉ. एस.एम. के. नकवी ने पशुधन निदेशक व प्रबंधन समिति के सदस्यों का स्वागत किया। डॉ. गुप्ता ने अविकानगर में चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को देख कर प्रशन्नता जताई। डॉ. आर.सी. शर्मा प्रधान वैज्ञानिक ने बताया कि संस्थान प्रबंधन समिति एक महत्वर्पूण समिति है जो संस्थान के विकास कार्यों का प्रतिवर्ष समीक्षा कर नए कार्यक्रमों पर अपनेसुझाव देती है। डॉ. एस. के. सांख्यान कार्यालय अध्यक्ष ने कार्यक्रम का संचालन किया।